## महत्वपूर्ण एवं खास



### रायगढ़ के पास ट्रेलर को टक्कर मारकर नदी में गिरी बस, 35 यात्री घायल

रायगढ़। बरौद के पास अम्बिकापुर से रायगढ़ आ रही दुर्गा बस कुरकुट नदी में जा गिरी। बस में सवार 35 लोग के चोटिल होने का मामला सामने आया है। सड़क दुघर्टना मंगलवार शाम को 6 बजे के आसपास की है। वहीं घटना के बाद ड्राइवर व खलासी बस को छोड़कर भाग गए। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गा बस रोजाना की तरह अपने नियत स्थान से चलकर रायगढ़ आ रही थी। बस काफी तेज रफ्तार में थी। अचानक सामने से जा रहे एक टेलर को ठोकर मारते हुए बस पुल के किनारे से नीचे नदी में उतर गई। इसके बाद यात्रियों ने 108 एक्सप्रेस को फोन कर घटना की जानकारी दी। घायलों को घरघोड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। इसके अलावा कुछ यात्रियों को उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं।

### फर्जी एंटी करप्शन ब्यूरो अधिकारी बन कर ग्रामीण से 45000 रूपये की ठगी

रायगढ़। थाना सरिया अन्तर्गत ग्राम बिक्रमपाली में रहने वाला राम कुमार पटेल पिता गंगासागर पटेल खेती किसानी तथा जड़ी बूटी दवाई बनाकर ईलाज करता है । करीब एक माह पूर्व राम कुमार पटेल को एंटी करप्शन ब्यूरो कमेटी नई दिल्ली के नाम से फर्जी लिफाफा प्राप्त हुआ। जिसमें डाक्टरी लायसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं पाये जाने पर एफआईआर दर्ज कराकर दस लाख रूपये जुर्माना होना लेख किया गया था। इसको लेकर राम कुमार भयभीत था। इस बीच दोपहर 01 बजे दो व्यक्ति राम कुमार के क्लीनिक आये अपने आप को एंटी करप्शन ब्यूरो नई दिल्ली से आना बताकर फर्जी आई।डी। कार्ड दिखाकर नोटिस मिलने की बात कही गई। तत्पश्चात क्लीनिक बंद नहीं किये हो कहते हुए कार्यवाही कर जेल भेजे जाने की बात कही गई। इसके अलावा दस लाख रूपये जुर्माना लग जायेगा कहते हुये राम कुमार को भयभीत कर 45000 रूपये ले लिये।

### इंजीनियर को ट्रक ने रौंदा, मौत, आठ लोगों के सिर से उठा साया

रायगढ़। एनटीपीसी पुसौर से रोजना की तरह काम कर घर काम जा रहे इंजीनियर को अज्ञात ट्रक ने ठोकर मारकर चोटिल कर दिया। दुघर्टना में चोटिल इंजीनियर को स्थानीय लोगो की मदद से 108 एक्सप्रेस से मेकाहारा इलाज के लिए लाया जा रहा था जहां रास्ते मे उसकी मौत हो गई। गनपत साहू पिता बोंडिया उम्र 40 वर्ष सारंगढ़ का रहने वाला हैं। गनपत एनटीपीसी प्लान्ट में ठेकेदार के अंदर इंजीनियर का काम करता हैं। बताया जा रहा है कि मृतक प्लांट के लिए खुद की मोटरसाइकिल से आवागमन करता था। इस बीच सोमवार शाम 6 बजे प्लांट से घर के लिए निकला था जहां टिमरलगा के पास अज्ञात ट्रक वाहन ने गनपत को अपनी गिरफ्त में ले लिया।

# पत्रकारों के आवास संबंधी समस्या का होगा जल्द निराकरण

## प्रेस क्लब भवन के अलावा पत्रकारों का दुर्घटना बीमा कराने की पहल शुरू



रायगढ़। रायगढ़ प्रेस क्लब जल्द ही जिले के पत्रकारों के लिए आवास समस्या दूर करने के लिए बडी पहल करने जा रहा है और इसके लिए बकायदा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर जमीन आबंटन संबंधी मांग को पूरी करने पर जोर देगा। रायगढ़ प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि प्रेस क्लब के भवन का नवीनीकरण के बाद अब लंबे समय से पत्रकारों के आवास संबंधी मामले को लेकर काम किया जाएगा, चूंकि बीते कई सालों से रायगढ़ जिले के पत्रकारों को खुद के आवास दिलाने संबंधी वादे तो नेताओं ने बहुत किए लेकिन हकीकत में प्रेस क्लब के आवेदनों पर कोई गौर तक नही किया गया अब सभी पत्रकार साथी मिलकर इस मामले में पूरी गंभीरता के साथ एकजुट होकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। साथ ही साथ जमीन का चयन करने के लिए भी उनसे तत्काल सहमति ली जाएगी। कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा का कहना है कि वर्तमान में प्रेस क्लब का भवन मीटिंग तथा अन्य गतिविधियों के लिए काफी छोटा है और नए भवन के लिए जमीन की तलाश लगभग पूरी हो गई है और जल्द ही नई भूमि के आबंटन के बाद उसका भूमिपूजन करवाया जाएगा और जिले के सभी पत्रकारों के लिए सुसज्जित प्रेस क्लब तैयार करवाने की पहल शुरू होगी। उनका कहना है कि बडी जिम्मेदारी मिलने के बाद अध्यक्ष वासुदेव मोदी तथा सचिव दिनेश मिश्रा के अलावा पूर्व अध्यक्ष अनिल रतेरिया व पूर्व सचिव नवीन शर्मा, हेमंत थवाईत, वरिष्ठ पत्रकार पुनीराम रजक, आनंद शर्मा, गणेश अग्रवाल, राजेश जैन, अविनाश पाठक, संजय बोहिदार, हरिशंकर गौराहा, मोहसीन खान, आलोक पाण्डेय, स्वतंत्र महंत, रोहिताश बेहरा के साथ बैठक करके इन बडी मांगों को पूरा करने के लिए इस बार पूरी बिरादरी एकजुटता के साथ सामने आएगी।

### अब पत्रकारों के लिए विशेष पहल

कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने सभी पत्रकारों से यह भी अपील की है कि समय-समय पर दुर्घटना का शिकार होने वाले पत्रकारों के लिए जल्द ही दुर्घटना बीमा भी कराने पर सभी की सहमति मिल चुकी है इतना ही नही समय-समय पर मेडिकल कैंप के जरिए पत्रकारों के परिवार का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की भी तैयारी हो गई है और आगामी फरवरी माह से हर माह मुफ्त मेडिकल चेकअप के अलावा मुफ्त दवाईयों की व्यवस्था प्रेस क्लब द्वारा करवाई जाएगी ताकि किसी भी पत्रकार को अपने व परिवार के स्वास्थ्य के प्रति भटकना न पडे।

### आपातकालीन फंड की होगी व्यवस्था

रायगढ़ प्रेस क्लब में उन सभी स्व. पत्रकारों की तस्वीरे भी लगाई जाएगी, जिन्होंने पत्रकारिता जगत में सब के साथ मिलकर काम किया और उनकी यादों को सहेजने के लिए प्रेस क्लब या पहल करेगा।

इतना ही नही अचानक किसी पत्रकार के आकस्मिक निधन के बाद आर्थिक अव्यवस्था से जुझने की जानकारी मिलने के बाद उसके लिए सभी पत्रकार साथी मिलकर सहयोग करने के लिए भी खड़े होंगे। आज जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने यह भी कहा कि आपातकालीन फंड की व्यवस्था भी इस साल से शुरू की जाएगी और इसके लिए सभी साथी मिलकर एक योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। ताकि अचानक आपातकालीन फंड का उपयोग करने के लिए कहीं भटकना न पड़े। इसके लिए अध्यक्ष वासुदेव मोदी व पूर्व अध्यक्ष अनिल रतेरिया ने हर संभव सहयोग के लिए अपनी सहमति जताई है।

### पत्रकारों की समस्याओं का किया जाएगा निराकरण

कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि जिले के अधिकारियों से भी आगाह किया है कि समय-समय पर पत्रकारों के आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक गौर करते हुए उनका निराकरण करें चूंकि कई बार यह शिकायतें मिलती है कि पीड़ित पत्रकार को समय पर न्याय नही मिलता और उसके लिए लगातार भटकना पड़ता है, यह समस्या ब्लाक तथा पंचायत स्तर पर काम करने वाले पत्रकारों के साथ सबसे ज्यादा होती है और उनके लिए अब प्रेस क्लब एक रजिस्टर बनाकर उनकी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर निराकरण करने के लिए पहल करेगा।

### सदस्यों का बनेगा कार्ड

रायगढ़ प्रेस क्लब इसी माह से प्रेस क्लब से जुडे सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पहचान पत्र जारी करेगा चूंकि महानगरों की तर्ज पर रायगढ़ प्रेस क्लब को हाईटेक करते हुए यह शुरूआत इसी माह से की जाएगी ताकि सभी पत्रकार साथियों को कहीं भी परिचय के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा आने वाले दिनों में पत्रकार हितों के लिए कई अन्य योजना की शुरूआत की जाएगी।

### प्रेस क्लब में होगी वाईफाई सुविधा

कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने यह भी बताया कि रायगढ़ प्रेस क्लब रोजाना शाम 5 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक खुला रहेगा और वहां आने वाले पत्रकारों को मुफ्त वाईफाई की सुविधा की शुरूआत कर दी गई है।

# रेल लाईन निर्माण के लिए जनसुनवाई 14 एवं 18 जनवरी को

रायगढ़। रेल परियोजना छाल कोल साइडिंग तक रेल लाईन निर्माण के लिए अनुविभाग धरमजयगढ़ के ग्राम खेदापाली, चंद्रशेखरपुर, चीतापाली, कटाईपाली (सी), पुसल्दा, खरसिया से धरमजयगढ़ (0 से 74) पूरक तहसील धरमजयगढ़ कटाईपाली सी, लोटान, चीतापाली, आमगांव सिवार एवं गेरसा के लिए की नीजि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित) के अनुसार धारा 20 (ई) के अनुसार की जा रही है। जिस संबंध में सुनवाई 18 जनवरी 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे से न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कार्यालय में की जाएगी। इसी तरह खरसिया से धरमजयगढ़ (0 से 74) पूरक तहसील घरघोड़ा के ग्राम कटंगडीह, बड़े गुमड़ा एवं फगुरम एवं तहसील खरसिया के ग्राम मदनपुर एवं भालूनारा के लिए की नीजि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित) के अनुसार धारा 20 (ई) के अनुसार की जा रही है। जिस संबंध में सुनवाई 14 जनवरी 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे से न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कार्यालय में की जाएगी। इस संदर्भ में जिन कृषकों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया है अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना है जिसकी सुनवाई 18 जनवरी 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे से न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कार्यालय में की जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री श्यामल श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं लोकतांत्रिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480